भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1049

उत्तर देने की तारीख: 08.02.2021

एनईईटी तथा जेईई 2021 के लिए प्रवेश परीक्षा

†1049. सुश्री सुनीता दुग्गल:

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कोविड-19 महामारी के कारण एनईईटी तथा जेईई -2021 की प्रवेश परीक्षा के पैटर्न में कोई परिवर्तन हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या अकादमिक वर्ष 2021-22 के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा के तहत अर्हता मानदंड में अभ्यर्थियों को कोई छूट दी गई है?

उत्तर

शिक्षा मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) और (ख): कोविड-19 की वजह से जेईई (मुख्य) 2021 के प्रश्न पत्र के पैटर्न को संशोधित किया गया है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:-

i) जेईई (मुख्य) परीक्षा, 2021 में, प्रश्न पत्र में 90 प्रश्न होंगे जिनमें से उम्मीदवार को कुल 75 प्रश्न हल करने होंगे। अनुभाग-ख (संख्यात्मक) में विकल्प दिए जाएंगे जिसमें उम्मीदवारों को तीन विषयों में से प्रत्येक में 10 में से किन्ही 5 प्रश्नों को हल करना होगा।

ii) जईई (मुख्य) परीक्षा, 2021 का आयोजन अब हिन्दी, गुजराती, और अंग्रेजी के अतिरिक्त, असमी, बंगाली, कन्नड, मल्यालम, मराठी, उडिया, पंजाबी, तमिल, तेलगु एवं उर्दू में भी किया जाएगा।

अभी तक एनईईटी परीक्षा के पैटर्न मे बदलाव के बारे में कोई फैसला नहीं लिया गया है।

(ग): वर्ष 2021-22 के लिए जेईई (मुख्य) और जेईई (एडवांस) परीक्षाओं के पात्रता मानदंड के संबंध में यह फैसला लिया गया है कि अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों के लिए अब उनके द्वारा प्राप्त अंकों पर ध्यान दिए बिना कक्षा बारह या समकक्ष परीक्षा में केवल उत्तीर्ण होने का प्रमाणपत्र ही आवश्यक होगा।

*****